an>

Title: Regarding cleaning of river Pawana in Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, केन्द्र में जब से एन.डी.ए. की सरकार बनी है, तब से देश के प्रमुख शहरों ने नदी सुधार एवं स्वच्छता कार्यक्रम हाथ में लिया है। नदी सुधार योजना के तहत पूना शहर को शामिल किया गया है। इस योजना के लिए पूना शहर को काफी राशि योÂिषत की गयी है।

अध्यक्ष महोदया, पूना शहर के करीब पिंपरी चिंचवड शहर है, जिसकी आबादी लगभग 22 लाख है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अंतर्गत राÂष्ट्रीय नदी संवर्धन विभाग को पिंपरी चिंचवड की प्रमुख पवना नदी के सुधार के लिए 343 करोड़ रुपये का एक प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन पिंपरी चिंचवड म्युनिसिपल कार्पोरेशन द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को आज तक मंजूरी नहीं मिली। वह प्रस्ताव वापस भेज दिया गया है। हमारा कहना है कि पूना शहर के लिए मंजूरी मिलती है, लेकिन पिंपरी चिंचवड शहर के बारे में सरकार विचार नहीं करती।

अध्यक्ष महोदया, स्मार्ट सिटी योजना के तहत भी पूना शहर को ही शामिल किया गया, जबकि पिछली केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं में पिंपरी चिंचवड को शामिल किया गया था। मैं आपके माध्यम से पर्यावरण मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि आप इस विÂषय में व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें, ताकि पवना नदी सुधार प्रस्ताव को जल्दी से मंजूरी मिल सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।